आकाशवाणी शिमला
29.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

प्रधानमंत्री–युग्म

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र देश के हर विद्‌यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बन रहा है। नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा, स्वभाव और प्रौद्योगिकी की त्रिमूर्ति भारत के भविष्य को परिवर्तित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए एआई को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार मेक एआई इन इंडिया के दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत विकास और सूचना प्रौद्योगिकी अपनाने वाले अग्रणी देशों में शामिल

भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजधानी शिमला सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों से सरकार कार्यालयों को धर्मशाला में खाली पड़े भवनों में स्थानांतरित करने पर सरकार जल्द उचित कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री आज शिमला में उनसे मिलने आए धर्मशाला के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि धर्मशाला में खाली पड़े भवनों में किराये के भवनों में चल रहे सरकारी कार्यालयों को स्थानांतरित करने से सरकार पर वित्तीय कम होगा।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि खेल और शिक्षा के सामंजस्य से ही युवा उत्तरदायी नागरिक बनते हैं। स्वास्थ्य मंत्री आज आईटीआई सोलन में पुरूष वर्ग की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्‌घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस प्रतियोगिता में जिले भर से 16 आईटीआई के 3 सौ 72 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि शिक्षा हमें जहां सोचने–समझने के काबिल बनाती है वहीं खेल और व्यायाम हमारे शरीर और मानसिक विकास को उचित स्तर प्रदान करते हैं।

परशुराम जयंती

आज भगवान परशुराम जयंती है। इस मौके पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। चंबा के भटियात विधानसभा क्षेत्र के रायपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भगवान परशुराम का अवतरण अन्याय, अधर्म और पापों का नाश करने के लिए हुआ था। कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों से भगवान परशुराम का अनुसरण कर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। शिमला में हिमाचल ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की स्थानीय विधायक हरीश जनारथा ने अध्यक्षता की। नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान भी इस मौके पर मौजूद रहे। उधर कुल्लू में जिला ब्राहमण कल्याण सभा ने एक कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शास्त्रों और शस्त्रों की पूजा की।

जनारथा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व शिमला के विधायक हरीश जनारथा ने कहा है कि पर्यटन नगरी शिमला सैलानियों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यदि शहर में पेयजल आपूर्ति में कमी आई तो टेंकरों से भी पानी पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पर्यटकों को आश्वस्त किया कि उन्हें शिमला में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

भाजपा

भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने राज्य में मनरेगा मजदूरों को वेतन न मिलने के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश सरकार ने मनरेगा में अपनी हिस्सेदारी के रूप में एक सौ 23 करोड़ 24 लाख रूपए देने हैं, जो अभी तक नहीं दिए हैं। इसी कारण केंद्र से मिलने वाली मनरेगा की राशि की किश्त लंबित है। संदीपनी भारद्वाज ने इसके लिए प्रदेश सरकार को दोषी ठहराया और कहा कि सुक्खू सरकार अपनी गलतियों के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेवार ठहराने का असफल प्रयास कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि केंद्र से हिमाचल के लिए किसी भी योजना का पैसा नहीं रूका है।